## खास-खबरें

### सुलभ जनसुविधा केन्द्र पर स्पॉट फाईन की कार्यवाही

**भोपाल।** नगर निगम द्वारा शहर की साफ-सफाई व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने तथा नागरिकों की सुविधा के दृष्टिगत सुलभ जनसुविधा केन्द्रों आदि पर सभी व्यवस्थाएं निर्धारित मानकों अनुसार सुनिश्चित कराने की कार्यवाही निरंतर की जा रही है और साफ-सफाई व्यवस्था में व्यवधान उत्पन्न करने तथा जनसुविधा केन्द्रों में मानक स्तर की व्यवस्थाएं न रखने वालों के विरूद्ध स्पॉट फाईन की कार्यवाही भी की जा रही है। इसी क्रम में निगम के जोन क्र. 09 के अमले ने अशोका गार्डन मण्डी क्षेत्र स्थित सुलभ जनसुविधा केन्द्र पर व्यवस्थाएं मानक स्तर की न पाए जाने पर 01 हजार रुपये का स्पॉट फाईन किया।

### नवीन सुलभ शौचालय का निर्माण शीघ्र कराएं : महापौर

**भोपाल।** महापौर श्रीमती मालती राय ने एम.पी.नगर जोन-1 में साफ-सफाई व्यवस्था एवं सीवेज लाईनों का निरीक्षण किया और सीवेज लाईनों की आवश्यकतानुसार सफाई एवं व्यवस्थिकरण का कार्य तत्काल कराने तथा नागरिकों/व्यवसायियों की सुविधा के दृष्टिगत पार्क के पास नवीन सुलभ जनसुविधा केन्द्र का निर्माण शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उप नगरयंत्री आर.के.गुप्ता, जोन अध्यक्ष विमलेश ठाकुर सहित अन्य अधिकारी मौजूद थे। महापौर श्रीमती राय ने गुरूवार को एम.पी.नगर जोन-1 में साफ-सफाई एवं सीवेज लाईनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान श्रीमती राय ने क्षेत्र की साफ-सफाई एवं सीवेज लाईनों की सफाई व संधारण के संबंध में जानकारी प्राप्त की साथ ही नागरिकों एवं व्यापारियों से संवाद भी किया। नागरिकों एवं व्यवसायियों ने चर्चा के दौरान इस क्षेत्र में जनसुविधा केन्द्र की आवश्यकता से अवगत कराया जिस पर महापौर श्रीमती राय ने एम.पी. नगर जोन-1 स्थित पार्क के पास नवीन सुलभ जनसुविधा केन्द्र का निर्माण शीघ्रता से कराने के निर्देश दिए। महापौर श्रीमती राय ने निर्देशित किया कि राजधानी के सबसे बड़े एवं व्यस्ततम व्यवसायिक क्षेत्र एम.पी. नगर क्षेत्र की साफ-सफाई व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाए तथा सीवेज लाईनों की सफाई एवं व्यवस्थिकरण संबंधी कार्य तत्काल कराएं। महापौर श्रीमती राय के निर्देश पर निगम के सीवेज प्रकोष्ठ ने सीवेज क्लीनिंग मशीनों के माध्यम से सीवेज लाईनों की सफाई का कार्य तत्काल प्रारंभ करा दिया है।

# योग से सैनिकों में आती है एकाग्रताः योग गुरु

**भोपाल (काप्र)।**



**आदर्श योग आध्यात्मिक केंद्र स्वर्ण जयंती पार्क कोलार रोड़ भोपाल के संचालक योग गुरु महेश अग्रवाल ने भारतीय तट रक्षक दिवस के अवसर पर भारत के समुद्री क्षेत्र की सुरक्षा को सुनश्चित करने के लिए सैनिको के प्रयासों को नमन एवं तट रक्षक दिवस की हार्दिक शुभकामनायें देते हुए बताया कि तटरक्षक दिवस भारत में 1 फ़रवरी को मनाया जाता है।**

यह दिन उन वीर जवानों के प्रति समर्पित है जो अपनी जान की परवाह किए बगैर अपना जीवन देश सेवा में लगा देते है । यह दुनिया का चौथा सबसे बड़ा तटरक्षक बल है। एक तट रक्षक जहाज पर जीवन आकर्षक, साहसिक और चुनौतीपूर्ण होता है। समुद्र में मानव जीवन को बचाने और संकट में मछुआरों की सहायता करने से लेकर शिकारियों को पकड़ने और समुद्री जैव विविधता को संरक्षित करने तक, तट रक्षक अपनी नौकरी करते हैं। समुद्र में प्रत्येक दिन आशाओं से भरा होता है, और प्रत्येक मिशन अद्वितीय तरीके से भिन्न होता है। भारतीय तट रक्षक भारतीय नौसेना, सीमा शुल्क विभाग, यहां तक कि राय और सामान्य पुलिस बलों के साथ भी सहयोग करता है।

**भारतीय तटरक्षक का आदर्श वाक्य वयं रक्षामः** हम रक्षा करते हैं है। हर दिन वे खुद को कई मिशनों में शामिल कर रहे हैं। हमारे देश और नागरिकों की सुरक्षा के लिए उनके द्वारा किए गए प्रयासों की हमें निश्चित रूप से सराहना करनी चाहिए। योग गुरु अग्रवाल ने सेना में सैनिको एवं उनके परिवार के लिये योग के महत्व के बारे में बताया कि योग और अध्यात्म हमारा स्वभाव है, रोग हमारा स्वभाव नहीं है। योग के माध्यम से हम पूर्ण स्वास्थ्य, शारीरिक, मानसिक, भावनात्मक और आध्यात्मिक स्वास्थ्य प्राप्त कर सकते हैं।

योग जीवन जीने की कला और विज्ञान है, और इसका संबंध मन और शरीर के विकास से है। अतः समन्वित रूप से व्यक्ति का सर्वांगीण विकास करने के लिए योग क्रमबद्ध अनुशासनों का समावेश करता है। हम योगानुशासनों का आरंभ प्रायः व्यक्तित्व के बाहरी आयाम, भौतिक शरीर से ही करते हैं। आसनों का अभ्यास मेरुदण्ड के अतिरिक्त मांसपेशियों तथा जोड़ों को स्वस्थ और लचीला बनाये रखता है।

विभिन्न ग्रंथियों की सूक्ष्म मालिश हो जाती है जिससे अवटु (थाइरॉयड)-अतिक्रियता या अवक्रियता, इंसुलिन का दोषपूर्ण स्राव और अन्य हॉर्मोन असंतुलन जैसी दैहिक असामान्यताएँ संतुलित हो जाती हैं। प्राणायाम केवल फेफड़ों में शुद्ध वायु पहुँचाने और उन्हें शक्ति प्रदान करने के कारण महत्त्वपूर्ण नहीं, बल्कि ये मस्तिष्क और भावनाओं पर भी सीधा असर डालते हैं। प्राणायाम के द्वारा प्राप्त हुई भावनात्मक स्थिरता मानसिक एवं सृजनात्मक ऊर्जाओं को रचनात्मक ढंग से मुक्त करती है और बचा अधिक आत्म-विश्वास, आत्म-सजगता तथा आत्म-नियंत्रण से भर उठता है।

## डोनेट फॉर देश कैंपेन में मप्र कांग्रेस पांचवें स्थान पर

**भोपाल( काप्र )।** कांग्रेस ने भारत जोड़ो न्याय यात्रा के वास्ते धन जुटाने के लिए क्राउडफंडिंग अभियान शुरू किया, जिसे उसने डोनेट फॉर देश का नाम दिया है। इस अभियान के तहत मध्य प्रदेश के कांग्रेस नेताओं और कार्यकर्ताओं ने अब तक 1,40,84,074 लाख रुपए का सहयोग किया है। वहीं इस राशि के साथ मध्य प्रदेश देशभर में पांचवें स्थान पर है। गौरतलब है कि कांग्रेस ने 18 दिसंबर 2023 को पार्टी के 138वें स्थापना दिवस पर क्राउड फंडिंग के लिए डोनेट फॉर देश कैंपेन की शुरुआत की थी। इस कैंपेन के मकसद को लेकर पार्टी नेताओं का कहना है कि, पार्टी को आर्थिक मजबूती देने के लिए इसकी शुरुआत की गई है। पार्टी के राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अजय माकन ने इस अभियान की औपचारिक घोषणा की थी। मप्र कांग्रेस के 66 विधायकों में से अब तक आधे विधायकों की ओर से सहयोग राशि नहीं मिल सकी है। हर विधायक को इस अभियान में 1 लाख 38 हजार रुपए का योगदान देना है। बीते चार दिनों में अभियान में सहयोग करने वालों की संख्या बढ़ी है। पार्टी की कोशिश है कि इस अभियान में मप्र की ज्यादा से ज्यादा सहभागिता रहे। बीते महीने 18 दिसंबर से शुरू किए गए इस अभियान का एक महीना पूरा हो चुका है। 3 करोड़ 9 लाख रुपए के दान के साथ राजस्थान पहले नंबर पर है। वंही मध्य प्रदेश में कांग्रेस के कई विधायकों ने डोनेशन देने के लिए पार्टी के नेताओं से समय मांगा है।

# फिर पुराने पैटर्न पर लौटा माशिमं

**भोपाल(काप्र)।**

कक्षा दसवीं और बारहवीं की बोर्ड परीक्षा को पूर्णतः नकल मुक्त बनाने के लिए इस बार माध्यमिक शिक्षा मंडल ने कुछ बदलावों के साथ प्रश्नपत्रों के पुराने पैटर्न को अपनाया है। इस बार परीक्षा केंद्रों पर प्रश्न पत्रों के चार अलग अलग सेट उपलब्ध कराए जाएंगे। एक कक्ष में एक समान प्रश्नपत्र उपलब्ध नहीं होगा।

मालूम हो, परीक्षा में एक समान प्रश्न पत्र होने की स्थिति में आस-पास और आगे-पीछे के परीक्षार्थियों में नकल की गुंजाइश बनी रहती है। इसी को रोकने के लिए इस वर्ष चार अलग अलग प्रश्नपत्र तैयार किए गए है। एक कक्ष में प्रश्न पत्र के चार अलग अलग सेट ही वितरित किए जाएंगे ताकि वे एक दूसरे की कापी से नकल न कर सके। मंडल ने परीक्षा केंद्र में प्रश्न पत्र के वितरण के लिए अपनाई जाने वाली प्रक्रिया भी निर्धारित की है। विकास खंड शिक्षा अधिकारी आरके जैन के मुताबिक करीब दस वर्ष पूर्व बोर्ड परीक्षा में प्रश्न पत्रों के अलग अलग ही सेट आते थे लेकिन बाद में सेट की प्रक्रिया बंद कर दी थी। इसके स्थान पर अलग-अलग स्कूलों और अलग-अलग विषयों के परीक्षार्थियों के बैठने की व्यवस्था की थी लेकिन इस बार फिर ए, बी, सी, डी चार सेट में प्रश्न पत्र उपलब्ध कराए जाएंगे। बोर्ड परीक्षा में इस बार परीक्षा केंद्र पर स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष भी नियुक्त किए जाएंगे। जैन ने बताया कि पांच फरवरी से शुरू होने वाली परीक्षा के लिए 76 केंद्र बनाए गए है। इन केंद्रों पर केंद्राध्यक्षों के अलावा जिस स्कूल में परीक्षा केंद्र बनाया गया है, उस स्कूल के एक शिक्षक को स्थानीय सहायक केंद्राध्यक्ष भी बनाया गया है। इनकी जिम्मेदारी परीक्षा कक्षों में पानी, बिजली और फर्नीचर जैसी व्यवस्था करना होगा।

## हुक्का लाउंज को लेकर समाजसेवी की चिंता



**भोपाल ( हिनप्र )।** समाज सेवी कमलेश देवानी ने एक बयान में हुक्का लाउंज में युवा पीढ़ी की मौजूदगी पर चिंता जताई है। देवानी ने कहा, आज की युवा पीढ़ी घर में कोचिंग क्लासेस का बोलकर हुक्का लाउंज अपने साथियों के साथ जा रहे हैं। संचालक 200 रुपये से लेकर 1000 रुपये तक का अलग-अलग फ्लेवरस में हुक्का परोस रहे हैं। देवानी ने हुक्का लाउंज चलाने वालों पर कार्रवाई की मांग की है।

# प्रयास से विद्यार्थी बन रहे हैं आत्मनिर्भर




**भोपाल (हिनप्र)।**

**वोकेशनल रोटरी सेंटर मां आनंदमई आश्रम संतनगर विगत तीन वर्षो से निःशुल्क प्रशिक्षण दे रहा है। कम्प्यूटर, ब्यूटी व सिलाई प्रशिक्षण 1200 से अधिक छात्र-छात्राओं को आत्मनिर्भर बनाने में प्रयास संस्था सहयोगी है।**

संचालक व संरक्षक राजेंद्र भंडारी, अल्पना मिश्रा, संस्था के तीनों ट्रेड के प्रशिक्षकों के द्वारा निःशुल्क आत्मनिर्भर कोर्स का संचालन किया जा रहा है। इसके लिए गुरूवार को आश्रम में प्रमाण पत्र वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें एक बेच के करीब 90 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया। राजेंद्र भंडारी ने बताया कि छात्र-छात्राओं को सिलाई प्रशिक्षण, कम्प्यूटर, ब्यूटी में प्रशिक्षण देकर उन्हें आत्मनिर्भर बनाने का कार्य संस्था द्वारा किया जा रहा है ताकि यह युवा अपने पैरों पर खड़े होकर अपना जीवन यापन कर सके। इससे बेरोजगारी जैसी समस्या भी समाप्त होगी और युवाओं को रोजगार मिल सकेगा।

## पेज एक से जारी खबरों के शेष...

### टैक्स स्लैब में...

जारी की थी। सीतारमण ने कहा कि सरकार पात्र मध्यम वर्ग को अपना घर खरीदने या बनाने के लिए एक आवासीय योजना शुरू करेगी। सीतारमण ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 में राजकोषीय घाटा चालू वित्त वर्ष के 5.8 प्रतिशत के मुकाबले सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.1 प्रतिशत रहने का अनुमान है। वित्त मंत्री ने कहा कि वित्त वर्ष 2024-25 के लिए कर प्राप्तियां 26.02 लाख करोड़ रुपये का अनुमान है। उन्होंने बताया कि वित्त वर्ष 2023-24 में राजकोषीय घाटा सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) का 5.8 प्रतिशत रहने का अनुमान है, जो पहले के अनुमान 5.9 प्रतिशत से कम है। उन्होंने कहा कि हमारे लिए जीडीपी का अर्थ गवर्नेंस, परफॉर्मेंस और डेवलपमेंट है। वित्त मंत्री ने देश में दूध और दुग्ध (डेयरी) उत्पादन बढ़ाने की योजना की घोषणा की। उन्होंने कहा कि भारत दुनिया में सबसे बड़ा दूध उत्पादक है, लेकिन उत्पादकता कम है। भारत का दूध उत्पादन 2022-23 में चार प्रतिशत बढ़कर 23.05 करोड़ टन हो गया। उन्होंने यह भी कहा कि तिलहन उत्पादन के लिए आत्मनिर्भरता के लिए एक रणनीति विकसित की जाएगी। सीतारमण ने कहा कि पीएम किसान योजना के तहत 11.8 करोड़ किसानों को वित्तीय सहायता प्रदान की गई है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि (पीएम-किसान) दुनिया की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (डीबीटी) योजनाओं में से है। पीएम-किसान योजना के तहत सरकार तीन समान मासिक किस्तों में प्रति वर्ष 6,000 रुपये का वित्तीय लाभ प्रदान करती है। यह पैसा देशभर के किसान परिवारों के बैंक खातों में 'डीबीटी' के जरिये डाला जाता है। वित्त मंत्री ने कहा कि दुनिया के विभिन्न हिस्सों में युद्ध और संघर्षों के कारण वैश्विक स्थिति अधिक जटिल और चुनौतीपूर्ण होती जा रही है। रूस-यूक्रेन संघर्ष और इजराइल-हमास युद्ध ने वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला को बाधित कर दिया है, जिससे व्यापार प्रभावित हुआ है। वित्त मंत्री ने कहा कि नई वैश्विक व्यवस्था उभर रही है और भारत ने ईंधन और उर्वरक की कीमतों में बढ़ोतरी की वैश्विक चुनौतियों का सफलतापूर्वक सामना किया है।

### बजट भारतीय अर्थव्यवस्था...

बजट है। इस बजट में मातृशक्ति का दर्शन है, तो रामराज्य का विजन भी है। इस बजट में विकसित भारत का संकल्प है, तो आत्मनिर्भर भारत का लक्ष्य भी है। इस अंतरिम बजट में गरीब कल्याण, किसान का उत्थान, मातृशक्ति का सम्मान और नौजवानों की मुस्कान समाहित है। ऐसे सर्व स्पर्शी एवं सर्व समावेशी और देश के जन-जन और हर क्षेत्र के सर्वांगीण कल्याण के लिये समर्पित बजट के लिये मैं श्री मोदी तथा वित्तमंत्री श्रीमती सीतारमण और उनकी पूरी टीम को अपनी पार्टी के करोड़ों कार्यकर्ताओं की ओर से हार्दिक बधाई देता हूं और उनका अभिनंदन करता हूं।

### बजट में सभी...

करेंगे। अमृतकाल में वर्ष 2047 तक भारत विश्व का प्रथम राष्ट्र होगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने केन्द्रीय बजट पर मुरैना प्रवास के दौरान अपनी प्रतिक्रिया दी। डॉ. यादव ने कहा कि देश में दो करोड़ लोगों को आवास उपलब्ध कराने की जो कल्पना की गई है, वह अद्भुत है। श्री मोदी का संकल्प है कि कोई भी घर पक्की छत के बिना न रहे। मध्यम वर्ग के लिए लाई गई नयी आवास योजना भी उपलब्धिपरक है। बजट में आंगनवाड़ी कार्यकर्ता और आशा कार्यकर्ता को आयुष्मान योजना का लाभ देने की व्यवस्था की गई है। गरीब परिवारों को इस प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराने की लंबे समय से दरकार थी। डिजिटल इंडिया को प्रोत्साहित करने की दिशा में किए जा रहे कार्य और डिजिटल इंडिया के माध्यम से क्रियान्वित किए जा रहे सुधार कार्यों से भारत बहुत आगे बढ़ेगा। नौ से चौदह वर्ष की बालिकाओं के लिए सर्वाइकल कैंसर वैक्सीनेशन की सुविधा के लिए केन्द्रीय वित्त मंत्री बधाई की पात्र हैं। आगामी समय में एक करोड़ घरों में रूफ टॉप सोलर प्लांट के अंतर्गत बनाई नई योजना से इन घरों में 300 यूनिट बिजली बचत का मार्ग प्रशस्त होगा। यह ऊर्जा की बचत के क्षेत्र में क्रांतिकारी कदम सिद्ध होगा और हम सबको इसका लाभ मिलेगा। डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में पर्यटन की अपार संभावनाएं हैं। पर्यटन क्षेत्र में ब्याज मुक्त दीर्घावधि ऋण देने के निर्णय से पर्यटन का सर्वांगीण विकास होगा। उड़ान योजना में 517 नए रूट पर एयरपोर्ट का निर्माण और विस्तार हवाई यातायात की प्रगति की दिशा में मील का पत्थर सिद्ध होगा और इससे मध्यप्रदेश में भी हवाई यातायात का विस्तार होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रस्तुत बजट भारत की प्रगति-उन्नति और आर्थिक दृष्टि से उम्मीदों भरा है। राज्य सरकार लेखानुदान में बजट का लाभ लेगी और हम मध्यप्रदेश को देश में नंबर वन बनाने की ओर अग्रसर होंगे। प्रधानमंत्री और केन्द्रीय वित्त मंत्री श्रीमती निर्मला सीतारमण को सर्वजन हिताय बजट प्रस्तुत करने के लिए बधाई और शुभकामनाएं।

### ज्ञानवापी में...

लिए कहा गया था। उन्हें प्रसारित होने वाली किसी भी अफवाह के लिए सोशल मीडिया पर नजर रखने के लिए भी कहा गया। समाचार एजेंसी द्वारा साझा किए गए एक वीडियो में वाराणसी में ज्ञानवापी परिसर के आसपास तैनात सुरक्षाकर्मियों को दिखाया गया है। कोर्ट के फैसले के बाद वकील सोहन लाल आर्य ने पत्रकारों को बताया कि व्यवस्थाएं कर दी गई हैं लेकिन व्यास का तेखाना अभी श्रद्धालुओं के लिए नहीं खोला गया है. श्रद्धालु हर-हर महादेव के जयकारे भी लगाते दिखे। फैसले पर टिप्पणी करते हुए, काशी विश्वनाथ ट्रस्ट के अध्यक्ष नागेंद्र पांडे ने कहा कि अदालत ने तहखाना को खोलने और उसके बाद पूजा करने का आदेश दिया है जो वर्षों से बंद था। अब किसी भी पक्ष को कोई समस्या नहीं होनी चाहिए। अदालत के आदेश के अनुसार, हम सभी आवश्यक प्रक्रियाएं करेंगे। हमें अपने देवता की पूजा करने का अधिकार दिया गया है। हमारे पास पर्याप्त पुजारी हैं और हम जल्द ही पूजा शुरू करेंगे ।

### अग्निवीर योजना के...

सहायता दी गई। इसी तरह प्रधानमंत्री सृजन कार्यक्रम में 905 व्यक्तियों को 56 करोड़ 60 लाख, मुख्यमंत्री उद्यम क्रांति योजना में 802 युवाओं को 54 करोड़ 44 लाख, संत रविदास स्वरोजगार योजना में 62 को 2 करोड़ 41 लाख 36 हजार, डॉ. अंबेडकर आर्थिक कल्याण योजना में 65 को 13 लाख 35 हजार, सावित्री बाई फुले सहायता योजना में 18 युवाओं को 97 लाख 5 हजार, भगवान बिरसा मुंडा स्वरोजगार योजना में 61 को 2 करोड़ 12 लाख 4 हजार, टंट्या मामा आर्थिक कल्याण योजना में 93 को 43 लाख 73 हजार, मुख्यमंत्री पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक उद्यम तथा स्वरोजगार योजना में 27 युवाओं को एक करोड़ 16 लाख 70 हजार और मुख्यमंत्री विमुक्त, घुमन्तु और अर्द्धघुमन्तु स्वरोजगार योजना में 9 व्यक्तियों को 5 लाख 89 हजार का ऋण प्रदाय किया गया। मुख्यमंत्री डॉ यादव ने पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी द्वारा शुरू की गई महत्वाकांक्षी योजना नदी जोड़ो परियोजना का जिक्र करते हुए बताया कि नदी से नदी को जोड़कर गांव-गांव तक विकास की धारा बहाने के लिए इस योजना की शुरुआत की गई थी। मध्य प्रदेश और राजस्थान को भी इस परियोजना का लाभ मिलना था लेकिन पिछली सरकारों ने इसे लागू नहीं किया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में मध्यप्रदेश और राजस्थान द्वारा संयुक्त रूप से पार्वती, काली सिंध, और चंबल नदी को जोड़ने का महाअभियान प्रारंभ हुआ हैं। प्रदेश के 12 और राजस्थान के 13 जिलों का विकास इस परियोजना के तहत होगा। किसानों को पीने और सिंचाई का पानी उपलब्ध होगा।

अयोध्या बायपास को जम्बूरी कटारा बायपास से जोड़ने की मांग को लेकर

# विधायक शर्मा ने सीएम और केन्द्रीय मंत्री गडकरी को लिखा पत्र

**भोपाल (हिनप्र)।**

**विधायक रामेश्वर शर्मा ने केंद्रीय सड़क एवं परिवहन मंत्री नितिन गडकरी को पत्र लिखकर अयोध्या बायपास को वाया जम्बूरी कटारा एलिवेटेड के माध्यम से भोपाल बायपास तक जोड़ने की मांग की है। विधायक ने सीएम को भी पत्र लिखा है।**

विधायक रामेश्वर शर्मा ने बताया कि अयोध्या बायपास को सिक्स लेन किया जा रहा है निश्चित रूप से यह बहुत ही जरूरी था यह भोपाल के लिए बड़ी सौगात है। परन्तु इस अयोध्या बायपास को जम्बूरी मैदान होते हुए कटारा से भोपाल बायपास से जोड़ने पर इसकी उपयोगिता कई गुना बढ़ जाएगी । जिससे सीधे तौर पर कटारा, कोलार, बाबड़िया, नर्मदापुरम रोड की दर्जनो कॉलोनी, मंडीदीप आदि क्षेत्र की लगभग 15 लाख आबादी सीधे तौर पर लाभान्वित होगी। साथ ही इसी मार्ग के दूसरे छोर आशाराम चौराहा से राजा भोज विमान तल तक एलिवेटेड का निर्माण व इस एलिवेटेड के नीचे गांधीनगर क्षेत्र में कम से कम 8 लेन का निर्माण कराया जाना भी जरूरी है । शर्मा ने कहा कि अयोध्या बायपास के सिक्स लेन होने के बाद आशाराम चौराहे पर राजगढ़ भोपाल फ्लाईओवर के नीचे जाम की स्थिति निर्मित होगी । इसलिए यहां एलिवेटेड बनाना आवश्यक है ।

**एयरपोर्ट से सीधे जुड़ेगा नया भोपाल:** विधायक रामेश्वर शर्मा ने कहा कि आयोध्या बायपास को वाया जंबूरी कटारा के माध्यम से भोपाल बायपास को जोड़े जाने से भोपाल शहर की आधे से अधिक आबादी सीधे तौर पर राजा भोज एयरपोर्ट से जुड़ जाएगी साथ ही बगरोदा मंडीदीप जैसे बड़े आद्योगिक क्षेत्र, एम्स संस्थान भी एयरपोर्ट से सीधे जुड़ेंगे। जिससे भोपाल शहर के अंदर ट्रैफिक दवाब कई गुना कम होगा। जिससे समय और ईंधन की बचत होगी।

### जम्बूरी में होने वाले कार्यक्रमों से होने वाली असुविधा होगी समाप्त

गौरतलब है कि भोपाल में प्रदेश स्तरीय आयोजनों के लिए केवल



एक मात्र जम्बूरी मैदान ही है यहां वर्ष भर राजनैतिक एवं गैर राजनैतिक कोई न कोई आयोजन होते ही रहते है निश्चित रूप से इन आयोजनों के दौरान स्थानीय रहवासियों एवं आयोजन में सम्मिलित होने वाले नागरिकों को अनेक असुविधाओं का सामना करना पड़ता है। अयोध्या बायपास से जम्बूरी मैदान की सीधे कनेक्टिविटी से इस असुविधा से बचा जा सकेगा। साथ ही जम्बूरी मैदान की एयरपोर्ट एवं स्टेट हेंगर की सीधी कनेक्टिविटी भी हो जाएगी ।

## 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट




**भोपाल (हिनप्र)।**

गेट पर गुरुनानक मंडल द्वारा 2047 के विकसित भारत के संकल्प को पूरा करने वाला बजट हेतु आतिशबाजी कर मिस्ठान वितरण किया ,इस अवसर पर अध्यक्ष राकेश कुकरेजा ने कहा विकसित भारत की परिकल्पना सार्थक करने वाले चार स्तम्भ युवा, गरीब, महिला और किसान सशक्त और आत्मनिर्भर बनाने हेतु यह विकसित भारत बजट एक समावेशी एवं सामाजिक न्याय से परिपूर्ण बजट है। इस अवसर पर महेश मकवाना,सरोज आसेरी, भगवानदास ढालिया, राजा शर्मा,सुनील सराठे,आलोक भदौरिया, यतिन मकवाना, पीसी कनरजी,अतुल घेंघट,संदीप कल्याणे, रज्जन त्रिपाठी,नरेंद्र शुक्ला,निक्की ठाकुर, विधान शुक्ला, नाना सोलंकी सहित बड़ी संख्या में युवा साथी उपस्थित थे

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, हरीश देशमुख पुत्र श्री जे.आर. देशमुख, निवासी-187 ओल्ड अशोका गार्डन, जिला भोपाल (म.प्र.) मैंने अपना पूर्व नाम हरीश देशमुख के स्थान पर नवीन नाम हरीश कुमार देशमुख परिवर्तित कर दिया है। अब मुझे हरीश कुमार देशमुख के नाम से जाना-पहचाना, लिखा-पढ़ा एवं सम्बोधित किया जाये।

4312

**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं, रामकिशन वाईकर निवासी सी.टी.ओ. बैरागढ़ भोपाल सूचित करता हूँ कि स्कूल रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम पिंकी (Pinky) माता का नाम उर्मिला (Urmila) पिता का नाम आर.के. वाईकर (R.K. Waikar) दर्ज है जबकि सही नाम पिंकी वाईकर (PINKY WAIKAR) माता का नाम उर्मिला वाईकर (URMILA WAIKAR) व पिता का नाम रामकिशन वाईकर (RAMKISHAN WAIKAR) है। इसे सुधारकर सही किया जाए।

4311

**न्यायालय अपर कलेक्टर, भोपाल (उत्तर) जिला भोपाल**

क्रमांक/113/रीअ.कले.उ./भोपाल/2024
भोपाल, दिनांक 23/01/2024
प्रकरण क्रमांक /0006/निगरानी/2023-24

**सूचना का प्रकाशन**

श्री चन्द्रकुमार जैन आ0 बनारसीलाल जैन, निवासी म.न. 42. मोहनी गोल्फ, लिंक बंगले, फेस - 2, गुफा मंदिर के पास, लालघाटी भोपाल........... निगरानीकर्ता

**विरूद्ध**

1. श्री साहिल पाहूजा आ. स्व. राजकुमार पाहूजा,
2. श्रीमति पूजा पाहूजा पत्नी स्व. राजकुमार पाहूजा
3. मेसर्स जय महादेव रियल स्टेट भोपाल द्वारा भागीदारगण श्री जवाहरलाल मूलचंदानी आ. स्व. चिमनलाल मूलचंदानी निवासी - 87-88, वनट्री हिल्स, बैरागढ़, भोपाल
4. श्री जयप्रकाश आसवानी आ. भूरोमल आसवानी, निवासी ए-18/186, बैरागढ़ तहसील जिला भोपाल

............प्रतिनिगरानीकर्तागण

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि निगरानीकर्ता श्री चन्द्रकुमार जैन आ0 बनारसीलाल जैन, निवासी म.न. 42. मोहनी गोल्फ, लिंक बंगले, फेस-2, गुफा मंदिर के पास, लालघाटी भोपाल के द्वारा अपने अभिभाषक के माध्यम प्रतिनिगरानीकर्तागण पक्ष (1) श्री साहिल पाहूजा आ0 स्व0 राजकुमार पाहूजा निवासी भोपाल (2) श्रीमति पूजा पाहूजा पत्नी स्व0 राजकुमार पाहूजा निवासी भोपाल (3) मेसर्स जय महादेव रियल स्टेट भोपाल द्वारा भागीदारगण श्री जवाहरलाल मूलचंदानी आ. स्व. चिमनलाल मूलचंदानी निवासी- 87-88, वनट्री हिल्स, बैरागढ़, भोपाल (4) श्री जयप्रकाश आसवानी आ. भूरोमल आसवानी, निवासी ए-18 / 186, बैरागढ़ तहसील जिला भोपाल है के विरूध अनुविभागीय अधिकारी संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़ वृत्त ) भोपाल अधीनस्थ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी वृत्त - संत हिरदाराम नगर (बैरागढ़) भोपाल के रा. प्र. क्र. / 31 / अपील / 2022-23 में पारित आदेश दिनांक 09.05.2023 के विरूध म.प्र. भू-राजस्व संहिता -1959 की धारा 50 के तहत इस न्यायालय मे निगरानी प्रस्तुत की गई है। अतः तत्संबंध में उपरोक्तानुसार प्रतिनिगरानीकर्तागण को इस समाचार पत्र के माध्यम से सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आप अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु न्यायालय अपर कलेक्टर (उत्तर) पुराना सचिवालय भोपाल में नियत पेशी दिनांक 13.02.2023 को प्रातः 11:00 बजे आप स्वयं या अपने अधिवक्ता के साथ उपस्थित हों। प्रकरण मे आपकी अनुपस्थिति की दशा मे आपके विरूद्ध विधिवत एकपक्षीय कार्यवाही कर प्रकरण का निराकरण किया जायेगा । नियत तिथि को अवकाश घोषित होने की दशा में प्रकरण की कार्यवाही आगामी कार्य दिवस में की जावेगी। यह सूचना पत्र आज 23/01/2024 दिनांक को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा से जारी किया गया।

**(हवेन्दु नारायण) अपर कलेक्टर भोपाल**

4310